RNI NO. - CHHHIN/2011/38292

13 वर्ष निर्भीक पत्रकारिता के

अब 14 वें वर्ष की ओर

पाठकों/दर्शकों का असीम स्नेह



Bharatsamman.com Bharat samman Bharat Samman

हो जाओ सावधान

वर्ष-14 अंक-06 अम्बिकापुर, शुक्रवार, 12 अप्रैल 2024 कुल पृष्ठ-4 मूल्य-1.00 रू.

## मैंने पीएम मोदी से पूछा कि उनका अडानी से क्या रिश्ता है तो उन्होंने मेरी सदस्यता रद्द कर दी

# राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री पर लगाए गंभीर आरोप

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष और वायनाड से सांसद राहुल गांधी ने एक बार फिर से पीएम नरेंद्र मोदी और बीजेपी सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा, पीएम मोदी ने सारा लाभ एक ही व्यक्ति को दे दिया। मैंने संसद में इस बारे में बात की। जिसके बाद उन्होंने मेरी सदस्यता छीन ली। सुप्रीम कोर्ट ने मुझे दोबारा सांसद बनाया। मैंने तो यही पूछा था कि अडानी हर इंडस्ट्री में क्यों दिखते हैं। मैंने पीएम मोदी से पूछा कि उनका अडानी से क्या रिश्ता है? उन्होंने मेरी सदस्यता रद्द कर दी और मेरा घर ले लिया। उन्हें लगता है कि अगर वे मेरा घर ले लेंगे तो मैं चुप हो जाऊंगा। मैंने घर की चाबी सौंप दीं और कहा कि मुझे आपका घर नहीं चाहिए, मेरे पास भारत में करोड़ों घर हैं। मैं करोड़ों लोगों के दिलों में रहता हूं।



### पीएम मोदी अंतरराष्ट्रीय वसूली रैकेट चला रहे- राहुल गांधी


एक चुनावी सभा में राहुल गांधी ने कहा, इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम के नाम पर पीएम मोदी एक अंतरराष्ट्रीय 'वसूली रैकेट' चला रहे हैं। इसमें दो तरीके से वसूली की जा रही है– 1. उद्योगपति को सरकारी कॉन्ट्रैक्ट मिलता है, फिर वो करोड़ों रुपए का चंदा कट के तौर पर बीजेपी को दे देता है। 2. उद्योगपतियों पर ईडी सीबीआई का केस लगाते हैं, फिर उनसे जैसे ही चंदा मिलता है, वो केस हट जाता है।

### महंगाई पर भारतीय जनता पार्टी को घेरा

राहुल गांधी ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, इस कमरतोड़ महंगाई में, रिकॉर्ड तोड़ बेरोज़गारी आम जनता पर दोहरी मार है और यही आज देश के लिए दो सबसे बड़े मुद्दे हैं। मीडिया मोदी की बात दिखा कर मुद्दे की बात छिपाने की कोशिश करता है, ताकि भाजपा सरकार का सच जनता के सामने न आए। नरेंद्र मोदी देश से अपना रिपोर्ट कार्ड छिपा रहे हैं, जिसमें वह हर सब्जेक्ट में फेल हैं और जनता अब उनकी क्लास लगाने को तैयार बैठी है। वहीं हम गरीब परिवार की महिलाओं को 1 लाख रुपया हर साल यानी 8,500 रुपया महीना दे कर देश को गरीबी के दलदल से बाहर निकाल कर दिखाएंगे। यह कांग्रेस की गारंटी है।

## मां के अंतिम संस्कार के लिए भी मुझे नहीं मिली थी पेरोल

### तानाशाही के आरोपों पर राजनाथ सिंह का पलटवार



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव मुहाने पर है और बीजेपी इस चुनाव में अबकी बार 400 पार के नारे साथ मैदान में है। दूसरी ओर तमाम विपक्षी पार्टियां अपनी रैलियों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कह रही है कि अगर तीसरी बार भाजपा सत्ता में आएगी तो देश में लोकतंत्र खत्म हो जाएगा, संविधान बदल दिया जाएगा और तानाशाही आ जाएगी। विपक्ष के आरोपों पर जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने एक इंटरव्यू में कांग्रेस पर निशाना साधा और उनके तानाशाही के आरोप को बेबुनियाद करार दिया। एएनआई को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने इमरजेंसी लगाई थी, वे लोग हमपर तानाशाही का आरोप लगाते हैं। इमरजेंसी के उस भयावह और काले दौर का जिक्र करते हुए राजनाथ सिंह एक समय भावुक भी हो गए, क्योंकि उस दौरान का उनका निजी पारिवारिक अनुभव भी काफी बुरा रहा था। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने बताया, मुझे आपातकाल के दौरान मेरी मां के अंतिम संस्कार के लिए पैरोल भी नहीं दिया गया, वो लोग हम लोगों पर तानाशाही के आरोप लगाते हैं। अपने गिरेबान में झांक कर नहीं देखते हैं।



## लॉरेंस बिश्नोई सिंडिकेट का शार्प शूटर दिल्ली में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** जबरन वसूली में शामिल कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई सिंडिकेट के एक शार्प शूटर को दिल्ली में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने ये जानकारी दी। आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले के मूल निवासी सतेंद्र कुमार उर्फ सिकंदर (20) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, सोमवार को मोती नगर थाने में एक सप्ताह पहले दर्ज फायरिंग मामले में शामिल एक व्यक्ति के अवैध हथियार लेकर आने की जानकारी मिली थी। पुलिस उपायुक्त (बाहरी उत्तर) आर के सिंह ने कहा, सूचना के अनुसार, छापेमारी की गई और सतेंदर को पकड़ लिया गया। जांच के दौरान, उसने खुलासा किया कि वह सितंबर-2023 में लॉरेंस बिश्नोई, काला राणा और कपिल मान गिरोह के सदस्यों के संपर्क में आया था। डीसीपी ने कहा, मार्च-24 के अंतिम सप्ताह में, उसे सिग्नल ऐप के माध्यम से नारायणा में किसी ठिकाने पर पहुंचने के लिए कहा गया था, जहां उसकी मुलाकात एक अन्य लड़के से हुई, जो स्कूटी चला रहा था। इसके बाद दोनों 31 मार्च को मोती नगर में एक व्यक्ति के घर गए जहां दोपहर करीब 2 बजे कई राउंड फायरिंग की और भाग गए। डीसीपी ने कहा, घटना के बाद दूसरे व्यक्ति ने उसे रिठाला मेट्रो स्टेशन के पास छोड़ दिया और उसके बाद वह अलग-अलग जगहों पर रहकर गिरफ्तारी से बचता रहा।




## बीजेपी में शामिल हुए दो बीजेडी विधायक अयोग्य घोषित

**भुवनेश्वर।** ओडिशा विधानसभा अध्यक्ष प्रमिला मलिक ने सत्तारूढ़ बीजू जनता दल छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने वाले विधायक अरबिंद धाली और प्रेमानंद नायक की सदस्यता समाप्त कर दी है। भुवनेश्वर लोकसभा क्षेत्र के जयदेव विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित धाली और क्योंझर लोकसभा क्षेत्र के तहत तेलकोई विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले पूर्व मंत्री नायक मार्च 2024 में बीजद की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने के बाद भाजपा में शामिल हो गए थे। उनकी अयोग्यता 18 मार्च को जगतसिंहपुर के विधायक प्रशांत कुमार मुदुली द्वारा दायर एक याचिका पर आई, जिसमें मांग की गई थी कि संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत उनकी सदस्यता समाप्त कर दी जाए। न तो नायक और न ही धाली ने याचिका पर अपनी प्रतिक्रिया दी और न ही अपना पक्ष रखने के लिए अध्यक्ष के समक्ष उपस्थित हुए। इसके बाद, अध्यक्ष ने धाली और नायक दोनों को अयोग्य घोषित कर दिया और कहा कि अब वो विधानसभा के सदस्य नहीं रहेंगे।

## ऐसी सीट जहां इवीएम नहीं मतपत्र से वोटिंग की तैयारी

### राजगढ़ लोकसभा के सात सीटों से कांग्रेस की 50-50 प्रत्याशी उतारने की रणनीति, दिग्विजय सिंह है मैदान में



**भोपाल।** मध्यप्रदेश ही नहीं बल्कि देश की एक लोकसभा सीट ऐसी है, जहां ईवीएम से नहीं बल्कि मतपत्र से वोटिंग के लिए पूरा जोर लगाया जा रहा है। लोकसभा सीट में आने वाली सातों विधानसभाओं से पचास-पचास उम्मीदवारों को चुनावी मैदान में उतारने की तैयारी है। इतना ही नहीं बल्कि अब तक करीब 300 से ज्यादा उम्मीदवारों की तैयारी भी लगभग पूरी की जा चुकी है।

दरअसल, यह सीट है राजगढ़ लोकसभा। अक्सर ईवीएम को कटघरे में रखने वाले कांग्रेसी दिग्गज दिग्विजय सिंह इस सीट से चुनावी मैदान में हैं। उन्होंने मतपत्रों से वोटिंग के लिए इस बार लोकसभा चुनावों में राजगढ़ सीट से 400 उम्मीदवार चुनावी मैदान में खड़े करने का ऐलान किया था। इलेक्शन मैनेजमेंट में जुटी दिग्विजय टीम ने प्रत्याशियों के कागजात समेत अन्य कामों में जुट गई है। बताया जा रहा है कि 400 के अलावा 30 उम्मीदवार को भी तैयार किया जा रहा है। यह अपने खर्च पर नामांकन दाखिल करेंगे। हालांकि जिससे कुछ प्रत्याशियों के नामांकन रद भी हो जाएं तो 384 से अधिक प्रत्याशी मैदान में रहें और ईवीएम की क्षमता से अधिक उम्मीदवार होने से चुनाव मतपत्र से ही होंगे।

### इवीएम की गड़बड़ियों को रोकने विकल्प

मामले में कांग्रेस मीडिया सलाहकार केके मिश्रा ने कहा कि दिग्विजय सिंह ने जो कहा है वही होगा। इसकी तैयारी में भी कांग्रेस जुटी हुई है। ईवीएम (श्रङ्करू) की गड़बड़ियों को रोकने के लिए लोकतंत्र बचाने के लिए जब सभी रास्तें बंद हो तो यह विकल्प बचा हुआ है। चुनावी परिणाम भी इस धांधली को उजागर करेंगे।

### चुनाव के नाम पर दिग्विजय फैला रहे अराजकता

उधर, बीजेपी ने कांग्रेस की कवायद और दिग्विजय पर निशाना साधा है। बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता मिलन भार्गव ने कहा कि राजगढ़ में लोकतंत्र का मखौल उड़ाया जा रहा है। वे चुनाव के नाम पर अराजकता फैला रहे हैं। अपनी हार से घबराकर विपक्ष ऐसे हथकंडे अपना रहा है। चुनाव मतपत्र से हो या ईवीएम से आतंकवादियों और देश विरोधी ताकतों का आदर सत्कार करने वाले, राम मंदिर निर्माण के विरोधी दिग्विजय की हार भी तय है।

### सीजी के सीएम भूपेश हुए असफल

बता दें कि इससे पहले भी छत्तीसगढ़ में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजनांदगांव में लोकसभा चुनाव के दौरान 384 से अधिक नामांकन जमा करने का प्रयास किया था लेकिन वे असफल साबित हुए। वहां महज 23 लोगों के ही नामांकन जमा हो पाए थे।

## संपादकीय

### भारत के खिलाफ भीतरी चाल रचने वालों की कुचक्र की बू

भारतीय खुफिया एजेंसियों द्वारा पाकिस्तान समेत दुनिया के तमाम देशों में रहने वाले दुश्मन या भारत के खिलाफ षड्यंत्र रचने वालों को भारतीय खुफिया एजेंसियों द्वारा खत्म किया जा रहा है। ब्रिटिश अखबार 'द गार्जियन' में यह खबर प्रकाशित हुई है जिससे पाकिस्तान में अचानक खलबली मच गई है। भारत सरकार ने इस आरोप को सिरे से खारिज करते हुए इसे झूठा और दुर्भावनापूर्ण भारत विरोधी प्रचार बताया। सवाल यह भी उठ रहा है कि पाकिस्तान संभवत- ये हत्याएं स्वयं करवा रहा हो। द गार्जियन दुनिया भर में बेहद सम्मानित 202 वर्ष पुराना अखबार है। सेंट्रर-लेफ्ट विचारधारा वाला यह अखबार अपने स्कूप्स यानी सनसनीखेज खबरों के लिए भी जाना जाता है। अखबार ने 2019 में पुलवामा आतंकवादी हमले के बाद भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए उठाए गए साहसिक कदम की भी बात की है। इसने 2020 से अब तक भारत के खिलाफ साजिश रचने वाले बीस आतंकवादियों की हत्या अज्ञात हमलावरों द्वारा होने की भी चर्चा की है। पाकिस्तानी मीडिया इस रिपोर्ट के हवाले से कह रहा है कि मोदी सरकार ने इन हत्याओं के आदेश दिए और यह भी कि रॉ कुख्यात एजेंसी है। पाकिस्तान को सबसे खतरनाक देश कहने वाले अमेरिकी राष्ट्पति जो बाइडन ने अभी बीते दिनों अचानक उसका समर्थन करते रहने का बयान देकर चौंका दिया था। उधर, चीन का भी पाकिस्तानी के प्रति सकारात्मक रुख स्पष्ट है। ऐसे में जब देश में आम चुनाव चालू है, पाकिस्तान जैसे देश के प्रति अपना झुकाव दर्शाने वाले देश या बयान दीर्घकालिक कूटनीतिक संकेत दे रहे हैं। अपने देश की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहना और आतंक फैलाने के मंसूबों को ध्वस्त करना विश्व शांति के लिए बेहद आवश्यक है। खासकर ऐसे समय में जब दुनिया भर को आतंकवाद को प्रश्रय देने के मामले में पाक की करतूतें किसी से छिपी नहीं हैं। विभिन्न अवसरों पर विश्व मंच से बार-बार इस बात को दोहराया गया है, और पाकिस्तान को चेतावनी भी दी जाती रही है। विश्व पटल पर तेजी से मजबूत होती जा रहे भारत के प्रति वैमनस्य रखने वाली मानसिकता की अनदेखी नहीं जानी चाहिए। भारत सरकार को इस पर सिर्फ विरोध ही नहीं करना चाहिए, बल्कि सख्त जवाब की दरकार भी करनी चाहिए ताकि किसी भी दुष्प्रचार का पर्दाफाश कर अपना पक्ष स्पष्ट किया जा सके।

# जंगल में हाथी देख बाइक छोड़कर भागे ग्रामीण

## हाथियों के भय से मुख्य मार्ग हुआ जाम



**रायगढ़।** वनमंडल धरमजयगढ़ रेंज अंतर्गत सरिया नाला के ऊपर मुख्यमार्ग किनारे गुरूवार की शाम करीब 5 बजे हाथियों की हलचल से मुख्य मार्ग बंद सा हो गया सड़क के दोनों छोर में जाम की स्थिति बन गई।

मिली जानकारी के मुताबिक गुरूवार की शाम करीब 5 बजे उस वक्त मुख्यमार्ग सरियानाला के ऊपर 368 कक्ष क्रमांक के जंगल किनारे सड़क में भागमभाग की स्थिति देखी गई उसी बीच दो बाईक सवार अपनी मोटरसाइकल उसी जंगल के अंदर छोड़कर जैसे तैसे जान बचाकर भागने में कामयाब हो गए। जब इस बात की जानकारी लोगों को हुई तो माहौल और गड़बड़ा गया और लोग डरने लगे इसी बीच सूचना पर मौके पर पहुंची वन अमला की टीम व हाथी मित्रदल और संबंधित चैकीदार सड़क में तैनात गए होकर और लोगो को समझाइस देने लगे। ताकि हाथी से किसी भी तरह की अप्रिय घटना घटित न हो और लोग सुरक्षित मार्ग से आवाजाही कर सकें।धरमजयगढ़ रेंज अंतर्गत मुख्य मार्ग 368 कक्ष क्रमांक जंगल मे क्रोन्धा निवासी दो बाईक सवार बड़ी मुश्किल से जान बचाकर जंगल से निकले हैं उनका कहना है, क्रोन्धा चैक में मौजूद चेक पोस्ट की वजह से डरकर हम जंगल रास्ता अपना रहे थे तभी हाथियों के दल से सामना हो गया जैसे ही यह खबर सड़क में आई उसके बाद वहाँ जबरदस्त भय का माहौल बन गया सड़क के दोनों छोर में लोग थम से गए वहीं चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा को लेकर बनाए गए चेक पोस्ट में मौजूद हाथी मित्रदल व निरीक्षण में तैनात पुलिस कर्मी और कर्मचारी भी सख्ते में आ गए और देखते ही देखते लोगों की भीड़ इकट्ठी ही गई जिन्हें मौजूद कर्मचारी व चैकीदारों द्वारा समझाइस दिया जाने लगा ताकि हाथी से किसी भी तरह की अनहोनी घटना न हो।

बहरहाल देर शाम बाद हाथियो के लोकेशन से संतुष्ट होने के बाद सड़क में रुके राहगीरों को शांतिपूर्ण ढंग से रवाना किया गया ।बताया जा रहा है अभी भी हाथियों का दल उसी जंगल के आस पास विचरण कर रहे हैं जो कह सकते हैं कहीं न कहीं प्रभावित क्षेत्रवासियों के लिए खतरे की घंटी है।

# अतिरिक्त तहसीलदार साहब, ऐसा भेदभाव क्यों?

## किसी का नामंतरण 1 दिन में, किसी को 25 दिन की पेशी, मामला चढ़ावा का तो नहीं?



**रायपुर।** नामांतरण के नाम पर रायपुर तहसीलदार ऑफिस में लंबा खेल चल रहा है. खेल संभवतः ये है कि मोटा चढ़ावा वालों का काम पहले किया जा रहा है तो चढ़ावा न चढ़ाने वालों को 25 दिन की पेशी दी जा रही है, जिसके बाद इस पूरे मामले की शिकायत कलेक्टर से की गई है।

शिकायतकर्ता अधिवक्ता विकास गुप्ता ने अपनी शिकायत में दावा किया है कि अतिरिक्त तहसीलदार प्रकाश सोनी ने मठपुरैना के नामांतरण के तीन प्रकरणों में एक दिन की पेशी देकर आदेश पारित कर दिया है. वहीं मठपुरैना के ही नामांतरण के 5 प्रकरणों में टालमटोल कर रहे हैं. शिकायतकर्ता के अनुसार उन्होंने नामांतरण के 5 आवेदन जमा किए हैं. अतिरिक्त तहसीलदार द्वारा उन्हें 25 दिनों की पेशी दी गई है। उन्होंने अपनी शिकायत में यह भी लिखा है कि उनके द्वारा रिश्वत नहीं दिए जाने के कारण ही नामांतरण में टालमटोल किया जा रहा है. रिश्वत नहीं देने पर अधिवक्ताओं और पक्षकारों को दफ्तर के चक्कर लगाने पड़ते हैं।



### अंगूर से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलटा, जुटी लोगों की भीड़

**कोरबा।** कटघोरा थाना अंतर्गत सुतर्रा नाला के पास अंगूर से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया. हादसे के बाद सड़क पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। जानकारी के अनुसार, अंगूर से भरा ट्रक महाराष्ट्र से पटना जा रहा थी. इस दौरान सुतर्रा नाला के पास तेज रफ्तार ट्रक अंधे मोड़ की वजह से अनियंत्रित होकर पलट गया. सूचना पर मौके पर पहुंचे 112 और 108 वाहन के कर्मियों ने हादसे में घायल ट्रक चालक को अस्पताल में भर्ती किया।

# सीएम साय ने रूपकुमारी चौधरी के लिए मांगा समर्थन

## कहा- हमारी सरकार सांय-सांय कर रही काम, इसलिए आंय बांय बोल रहे विपक्ष के नेता




**गरियाबंद।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज गरियाबंद के गुरुजीभाठा में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए तीसरी बार बनने जा रही भाजपा की सरकार में महासमुंद लोकसभा की भी सहभागिता देने प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी को जिताने की अपील की. मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार सांय-सांय काम कर रही है, जिसके चलते विपक्षी आयं बांय बोलने लगे हैं।


मोदी के खिलाफ कांग्रेस के बिगड़े बोल के सवाल पर सीएम साय ने कहा कि कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है, उन्हें हार स्पष्ट नजर आ रही है. 2023 में सत्ता से आउट होने के बाद उनकी मानसिक संतुलन बिगड़ गया है. नारी न्याय योजना पर चुटकी लेते हुए कहा कि वे 1 लाख तो क्या 5 लाख के लिए फार्म भरा ले, जनता का विश्वास कांग्रेस से उठ गया है. सीएम ने लोकसभा चुनाव में पूरी 11 सीट जीतने का दावा किया।

### अनुज व मंत्री टंक राम ने गाया गाना

**सीएम के इस सभा में केबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा,विधायक अनुज शर्मा, लोकसभा प्रभारी मोती लाल साहू, गोवर्धन मांझी, डमरूधर पुजारी ने भी सभा को संबोधित कर रूप कुमारी के लिए वोट मांगे. अनुज शर्मा व मंत्री टंक राम वर्मा ने गाने के अंतरा के साथ भाषण की शुरुआत की. स्थानीय नेताओं ने भी सभा को संबोधन किया. समापन के पहले मैनपुर जनपद के कई जनपद सदस्य व जिला पंचायत सदस्य धनमती यादव ने भाजपा प्रवेश किया.**

# छत्तीसगढ़ में चैत्र नवरात्र पर माता के भक्त ने ली 9 दिन की समाधि

## प्रशासन चिंतित...युवक ने कहां- गुरूजी का आदेश है



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ के करीब डोंगरगांव के ग्राम मारगांव में एक युवक ने 9 दिनों के लिए समाधि ले ली है. युवक के इस फैसले के बाद जिला प्रशासन चिंतित है और लगातार युवक को समाधि से बाहर आने के लिए मनाया जा रहा है. लेकिन युवक का कहना है कि वे पूरी तरह से ठीक है और वे नवरात्र खत्म होने के बाद ही समाधि से बाहर निकलेगा।

युवक ने जहां समाधि ली है वहां बड़ी संख्या में ग्रामीण अब पहुंचने लगे है. युवक का नाम हरिचंद्र बंजारे (22) पिता घनश्याम बताया जा रहा है. युवक को समझाइश देने जब जिला प्रशासन की टीम पहुंची तो युवक ने बताया कि उसने अपने गुरु के आदेश अनुसार इस समाधि अवस्था को स्वीकार किया है. हालांकि तहसीलदार के द्वारा आरआई, पटवारी, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम को लगातार मौके पर भेजा जा रहा है। तहसीलदार पीएल नाग के मुताबिक स्वास्थ्य विभाग की टीम को लगातार स्वास्थ्य परीक्षण के लिए कहा गया है. वर्तमान में युवक स्वस्थ है और ठीक है. इस मामले को लेकर ग्रामीणों की उपस्थिति में पांचनामा तैयार कर लिया गया है जिसमें युवक हरिचंद्र पिता घनश्याम उम्र 22 वर्ष सतनामी निवासी मारगांव के द्वारा मामले की पूरी जिम्मेदारी ली गई है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में वोटिंग का बना रिकार्ड, पांच लोकसभा चुनाव में 10 वर्ष से 70 प्रतिशत से अधिक मतदान

## 11 लोकसभा सीटों में से 90 विधानसभा क्षेत्रों में 60 प्रतिशत से अधिक ग्रामीण क्षेत्र

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा ही नहीं लोकसभा में भी ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान का रिकार्ड बना है। शहरी क्षेत्रों में भी मतदान प्रतिशत बढ़ा है, अपेक्षानुरुप सफलता नहीं मिल पा रही है। निर्वाचन कार्यालय ने शहरी क्षेत्रों में अब 70 प्रतिशत से अधिक मतदान का लक्ष्य रखा है। प्रदेश के 11 लोकसभा सीटों में से पांच लोकसभा सीटों में 10 वर्षों से 70 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया जा रहा है। इनमें सरगुजा, रायगढ़, कोरबा, महासमुंद शामिल हैं। राजनांदगांव शामिल हैं। 11 लोकसभा सीटों में से 90 विधानसभा क्षेत्रों में 60 प्रतिशत से अधिक ग्रामीण क्षेत्र हैं।



### फैक्ट फाइल

2014 के चुनाव में कुल मतदान- 68.11 प्रतिशत
2019 के चुनाव में कुल मतदान- 71.48 प्रतिशत

### फैक्ट फाइल

पहले चरण में कुल मतदान केंद्र- 1961
दूसरे चरण में कुल मतदान केंद्र- 6567

| लोकसभा सीट | मतदान का प्रतिशत (2019) | मतदान का प्रतिशत (2014) |
|---|---|---|
| सरगुजा | 75.60 | 75.92 |
| रायगढ़ | 76.96 | 74.85 |
| जांजगीर-चांपा | 65.23 | 60.48 |
| कोरबा | 74.07 | 73.34 |
| बिलासपुर | 64.20 | 62.62 |
| राजनांदगांव | 75.01 | 72.01 |
| दुर्ग | 71.52 | 67.05 |
| रायपुर | 65.91 | 65.38 |
| महासमुंद | 73.32 | 73.95 |
| बस्तर | 63.16 | 56.32 |
| कांकेर | 72.64 | 68.01 |

### रायपुर, दुर्ग, बस्तर, कांकेर में 70 प्रतिशत से कम मतदान

रायपुर, दुर्ग, बस्तर व कांकेर में 70 प्रतिशत से कम मतदान हुआ है। 2024 के लोकसभा चुनाव में यहां मतदान प्रतिशत बढ़ाने की चुनौती होगी। चारों लोकसभा के ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं ने बेहतर वोट किया, लेकिन शहरी क्षेत्रों में एक बार फिर निराशा हाथ लगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अधिकारियों के मुताबिक मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर लगातार कवायद की जा रही है।

### 3,320 मतदान केंद्र पर पूरी तरह महिलाओं कर्मी

लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए प्रदेश में कुल 24,229 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें से 3,320 मतदान केंद्र पूरी तरह महिला मतदान कर्मियों द्वारा संचालित होगा। महिला दल में सभी चार सदस्य महिलाएं रहेंगी। इसी प्रकार 90 दिव्यांग तथा 387 युवा मतदान केंद्र बनाए गए हैं। यहां सिर्फ युवा मतदान कर्मी ही कार्य करेंगे। इसी प्रकार प्रदेश में 450 आदर्श मतदान केंद्र भी बनाए गए हैं। राज्य में कुल 13,500 महिला मतदान कर्मी हैं।

# हाईकोर्ट ने 7 जजों का किया प्रमोशन, बनाए गए डिस्ट्रिक्ट जज

### 70 से अधिक सिविल जजों का तबादला भी

**बिलासपुर।** प्रदेश की उच्चतर न्यायिक सेवा के तहत राज्यपाल के विधि अधिकारी को एडीजे बनाये जाने के साथ ही सात न्यायिक अधिकारियों को एंट्री लेवल डिस्ट्रिक्ट जज के पद पर पदोन्नत कर एडीजे बनाया गया है। 70 से अधिक सिविल जजों का तबादला भी किया गया है। हाईकोर्ट के निर्देशानुसार, न्यायिक सेवा में फेरबदल के साथ अफसरों का प्रमोशन भी किया गया है। इसके अंतर्गत नीरू सिंह राज्यपाल सचिवालय विधि अधिकारी को



रायपुर में एडीजे दशम के रूप में स्थानांतरित किया गया है। इसके साथ ही सात सीनियर सिविल जजों को एंट्री लेवल डिस्ट्रिक्ट जज के रूप में पदोन्नत किया गया है। इनमें संजय रात्रे रजिस्ट्रार कमर्शियल कोर्ट को एडीजे सेकेंड बलौदाबाजार, संतोष ठाकुर सीजेएम दुर्ग को रायगढ़, नरेंद्र कुमार सीजेएम अंबिकापुर को रायपुर में, श्यामवती मरावी सीजेएम बलौदाबाजार को दुर्ग में एडीजे, सुषमा लकड़ा सीजेएम सूरजपुर को यहीं एडीजे, अनिल प्रभात मिंज सीजेएम धमतरी को बिलासपुर में एडीजे और दीपक कुमार कोशले सीजेएम रायगढ़ को दुर्ग में फिफ्थ एडीजे नियुक्त किया गया है। इसके अलावा राज्य के अलग अलग स्थानों में पदस्थ करीब 70 के करीब सिविल जजों का तबादला आदेश भी जारी किया गया है।

## भिलाई इस्पात संयंत्र के प्लेट मिल में लगी आग, कोई हताहत नहीं, कंपनी को करोड़ों रुपए की क्षति

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के प्लेट मिल में गुरुवार दोपहर बाद आग लग गई। यह आग यहां पर राफ्टिंग स्टैंड में लगी थी। जिसकी वजह से मैकेनिकल क्षति ज्यादा हुई है। आग लगने से करोड़ों रुपए की क्षति होने का अनुमान लगाया जा रहा है। आग लगने से कोई भी हताहत नहीं हुआ है। संयंत्र प्रबंधन ने 36 घंटे इसे बंद रखने का निर्णय लिया है। संयंत्र कर्मचारियों द्वारा युद्ध स्तर पर प्लेट मिल को फिर से शुरू करने के लिए प्रयास तेज कर दिए गए हैं। प्लेट मिल में प्रतिदिन 4800 टन का उत्पादन होता है। वहीं घटना को लेकर जांच समिति गठित कर दी गई है। बताया जा रहा है कि यहां पर हाइड्रोलिक रोलर होने की वजह से उसमें कहीं लीकेज के कारण ही आग लगी थी। आज



## झगड़ा विवाद के बीच महिला ने अपनी मौसी पर पेट्रोल डालकर लगाई आग

**रायगढ़।** कल शाम जूटमिल के बजरंगपारा में रहने वाली महिला फूलो बाई चैहान (उम्र 64 वर्ष) के ऊपर उसकी भतीजी शकुंतला चैहान (50 वर्ष) द्वारा पेट्रोल डालकर आग लगा देने की घटना सामने आई जिसमें अहिता फूलो बाई को ईलाज के लिये केजीएच में भर्ती किया गया है। थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज द्वारा डॉक्टर से सलाह लेकर घायल महिला फूलो बाई से पूछताछ कर बयान लिया गया जिसमें फूलो बाई चैहान बताई कि कल शाम इसकी भतीजी शकुंतला चैहान इसके घर आई जिसके हाथ में एक थैला था।



शकुंतला कहने लगी की घर परिवार के लोग कोई रिश्ता नहीं रखे हैं जिससे अकेले किराए मकान में रहकर जीवन यापन करना पड़ रहा है काफी परेशान हो गई हूं, पेट्रोल लेकर आई हूं यहीं स्वयं को आग लगाकर आत्महत्या करूंगी जिसे फूलो बाई और उसकी बहू सुमित्रा चैहान यहां यह सब मत करो कहकर समझाएं जिस पर शकुंतला नहीं मानी और आत्महत्या करने की जीद करने लगी। तब सुमित्रा चैहान पड़ोस में रहने वाले शकुंतला के लड़के हेमंत चैहान को बुलाने के लिए दौड़ी जिससे शकुंतला चैहान गुस्से में आ गई और मेरे बेटे को बुला रहे हो कहकर थैले अंदर बोतल में रखे पेट्रोल को निकाली और उसकी मौसी फूलो बाई चैहान के ऊपर डालकर आग लगा दी। घटना के संबंध में फूलो बाई चैहान के रिपोर्ट पर आरोपिया शकुंतला चैहान पति स्वर्गीय रोहित चैहान उम्र 50 साल निवासी बजरंगपारा थाना जूटमिल जिला रायगढ़ को जूटमिल पुलिस द्वारा आज गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# चोरी करने वाले गिरोह का पुलिस ने किया पर्दाफाश

## आरोपियों के कब्जे से 07 बैटरी एवं 04 नग सबमर्सिबल पम्प जप्त तुमगांव क्षेत्र में हो रही पम्प एवं बैटरी चोरी की घटना का खुलासा

**महासमुंद।** प्रार्थी सहदेव राम ध्रुव पिता स्व. बिसराम ध्रुव उम्र 59 वर्ष निवासी मुस्की ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसका ग्राम मुस्की में बोकराहा खार में 02 एकड खेत है जिसमें 3 एच.पी. का साबर कंपनी का सबमर्सिबल पम्प लगा हुआ था जिसे दिनांक 17.03.2024 को रात्रि में किसी अज्ञात चोर द्वारा बोर से निकालकर चोरी कर ले गया तथा उसी रात दिनांक 17.03.2024 को गांव के ही तोरण ध्रुव, गणेस साहू, किशोर ध्रुव एवं देवनारायण साहू के घर में रखे ट्रेक्टर से अज्ञात चोर द्वारा बैटरी चोरी कर ले गया है। प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना तुमगांव में अपराध धारा 379, 34 भादवि का प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान दिनांक 10.04.2024 को पुलिस की टीम के द्वारा 03 व्यक्ति (01) आलेक देवार पिता अकबर देवार उम्र 18 वर्ष (02) महराजा देवार पिता कनखई देवार उम्र 19 वर्ष तथा (03) उत्तम देवार पिता रंजीत देवार उम्र 25 वर्ष सा. शारदा मंदिर के पिछे वार्ड नं. 04 महासमुन्द अभिरक्षा में

### सबमर्सिबल पम्प एवं बैटरी चोरी के गिरोह पुलिस के गिरफ्त में

### थाना तुमगांव एवं सायबर सेल की संयुक्त कार्यवाही



लेकर पूछताछ किया गया जिसमें पूछताछ करने पर उक्त खेत का सबमर्सिबल पम्प एवं गॉव के टैऊक्टरों से बैटरी चोरी करना स्वीकार किये। पुलिस की टीम के द्वारा आरोपियों के कब्जे से 05 नग बैटरी एवं 01 नग सबमर्सिबल पम्प जप्त किया गया। उत्तम देवार के द्वारा अपने घर में अलग से सबमर्सिबल पम्प, 2 बैटरी कापर वायर तथा केबल वायर रखा हुआ मिला उक्त समान के संबंध में वैद्य कागजात पेश करने नोटिस देने पर किसी प्रकार का कागजात नही होना बताया आरोपियों के कब्जे से 07 नग बैटरी, 04 नग सबमर्सिबल पम्प, बैटरी कापर वायर तथा केबल वायर जप्त कर थाना तुमगांव में अपराध धारा 379, 34 भादवि व 41(1+4) जौ.फो. के तहत् कार्यवाही की गई यह सम्पूर्ण कार्यवाही महासमुन्द पुलिस के द्वारा की गई।

# सेंट्रल जीएसटी को छत्तीसगढ़ के 60 हजार व्यापारियों ने दिया 15 हजार 474 करोड़ रुपए का टैक्स

### पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 10 प्रतिशत अतिरिक्त टैक्स




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के व्यापारियों ने सेंट्रल जीएसटी को छप्परफाड़ टैक्स दिया है. छत्तीसगढ़ के 60 हजार व्यापारियों से टैक्स देने का आंकड़ा सुनकर आपके होश उड़ जाएंगे. सेंट्रल जीएसटी को वित्तीय वर्ष 2023- 24 में 15 हजार 474 करोड़ रुपए टैक्स दिया है. यह पिछले वर्ष से 1509 करोड़ रुपए ज्यादा है. गत वर्ष 13,966 करोड़ रुपए कर जमा हुआ था. इस साल 10.80 फीसदी अधिक कर वसूली की गई है। वित्तीय साल 2023-24 के पहले माह अप्रैल 23 में सबसे ज्यादा 1612 करोड़ रुपए कर संग्रह हुआ था. मई 998 करोड़ रुपए, जून 1402 करोड़ रुपए, जुलाई 1190 करोड़ रुपए, अगस्त 1354 करोड़ रुपए, सितम्बर 1203 करोड़ रुपए, अक्टूबर 1242 करोड़ रुपए, नवम्बर 1247 करोड़ रुपए, दिसम्बर 1228 करोड़ रुपए, जनवरी 24- 1315 करोड़ रुपए, फरवरी 1408 तथा मार्च में 1275 करोड़ रुपए की राजस्व प्राप्ति हुई है। सेन्ट्रल जीएसटी को छत्तीसगढ़ से मिल रहे राजस्व में लगातार वृद्धि हो रही है। वित्तीय साल 2021- 22 में 13022 करोड़ रुपए का कर संग्रह हुआ था। वित्त वर्ष 2022-23 में यह बढ़कर 13966 करोड़ रुपए पर पहुंच गया तथा 2023-24 में कर संग्रह बढ़कर 15474 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के पहले माह अप्रैल 22 में 1288 करोड़, मई 1180 करोड़ रुपए, जून 1198 करोड़ रुपए, जुलाई 1163 करोड़ रुपए, अगस्त 1062 करोड़ रुपए, सितम्बर 975 करोड़ रुपए, अक्टूबर 1016 करोड़ रुपए, नवम्बर 1083 करोड़ रुपए, दिसम्बर 1130 करोड़ रुपए, जनवरी 2023-1185 करोड़ रुपए, फरवरी 1325 करोड़ रुपए तथा मार्च में 1361 करोड़ रुपए की राजस्व प्राप्ति हुई थी।

## एसीबी और ईओडब्ल्यू की शराब कारोबारियों के ठिकानों पर धावा

### बिलासपुर में सीए के घर पर रेड,रायपुर और दुर्ग में दिग्गजो पर हुआ एक्शन




**बिलासपुर।** एसीबी और ईओडब्ल्यू की सयुक्त टीम ने प्रदेश की राजधानी समेत दुर्ग भिलाई और बिलासपुर में शराब कारोबार से जुड़े लोगों के ठिकानो पर एक साथ धावा बोला है। संयुक्त टीम ने भिलाई में दो कारोबारियों घर पहुंची है। दर्जन भर अधिकारियों की टीम नेहरू नगर रायपुर निवासी विजय भाटिया के घर पहुंचकर छानबीन कर रही है। खुर्सीपार निवासी पप्पू बंसल के यहां भी टीम ने दबिश दिया है। इसके अलावा संयुक्त टीम ने रायपुर निवासी अतुल सिन्हा के यहां भी धावा बोला है। अतुल सिन्हा शराब लायसेंसधारी है। अतुल सिन्हा का रायपुर स्थित स्मृतिनागर में घर है। अलसुबह एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम ने सिन्हा के निवास पर दबिश देकर हलचल मचा दिया है। एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम ने अतुल सिन्हा के सीए संजय मिश्रा के बिलासपुर स्थित घर मे धावा बोला। खबर लिखे जाने तक टीम संजय मिश्रा के यहां जांच पड़ताल कर रही है।

## 'महानदी' का सीना चीरकर रेत माफिया कर रहा अवैध उत्खनन और परिवहन

### कार्रवाई के नाम पर प्रशासन खानापूर्ति में जुटा



**आरंग।** आरंग क्षेत्र के महानदी किनारे लगभग आधा दर्जन गांवों में रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन धड़ल्ले से जारी है. रेत माफिया बेखौफ होकर दिन-रात 'छत्तीसगढ़ की जीवन रेखा' कही जाने वाले महानदी से बेहिसाब रेत निकाल कर नदी के अस्तित्व को खतरे में डाल रहे है।

आरंग से महज पांच किलोमीटर दूर ग्राम पारागांव, राटाकाट, गौरभाट, हरदीडीह, कुटेला सहित महानदी के किनारे स्थित अनेक गांवों में रेत का अवैध उत्खनन जारी है. लेकिन रायपुर खनिज विभाग और स्थानीय प्रशासन की नजर इस पर नहीं जा रही।बीती रात आरंग से लगभग 25 किमी दूर ग्राम कुरूद में जाकर खनिज विभाग, आरंग राजस्व विभाग और आरंग पुलिस की संयुक्त टीम ने एक चैन माउंटिंग मशीन और 4 रेत से भरी हाइवा को जब्त करने की कार्रवाई की. जबकि उसी दिन याने बुधवार को पारागांव में चार चैन माउंटिंग मशीन के जरिए महानदी से बेखौफ रेत निकाल जा रही थी, इसके साथ लगभग 50 से 60 हाइवा के जरिए रेत का अवैध परिवहन भी किया जा रहा था. यही नहीं महानदी के किनारे लगभग तीन किमी तक रेत का अवैध भंडारण किया गया है। सूत्रों के अनुसार, इन जगहों पर राजनीतिक और प्रशासनिक संरक्षण के कारण कोई कार्रवाई नहीं हो रही है. वहीं कुछ माह पहले हरदीडीह रेत खदान में खनिज विभाग की टीम को बंधक बनाने और मारपीट की घटना के बाद से डरी हुई खनिज विभाग की टीम भी बेबस और लाचार नजर आ रही है।

## दो महीने पहले जेल से छूटे अरुणपति त्रिपाठी को ईओडब्ल्यू ने किया गिरफ्तार

**रायपुर।** दो हजार करोड़ के कथित शराब घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के केस को सुप्रीम कोर्ट के रद्द किए जाने के बाद राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो (ईओडब्ल्यू) की कार्रवाई तेज हो गई है। ईओडब्ल्यू ने कथित घोटाले में तीसरी बड़ी कार्रवाई करते हुए आबकारी विभाग के तात्कालीन विशेष सचिव और छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन के एमडी रहे अरुण पति त्रिपाठी को गिरफ्तार कर लिया है। अरुण पति को दो महीने पहले ही फरवरी में 9 महीने जेल में रहने के बाद हाईकोर्ट से जमानत मिली थी। पिछले साल 12 मई को ईडी ने उन्हें गिरफ्तार किया था। द रूरल प्रेस को मिली जानकारी के अनुसार अब ईओडब्ल्यू ने उन्हें बिहार से गिरफ्तार किया है। गुरुवार को गिरफ्तारी की बात कही जा रही है। ब्यूरो की एक टीम उनके जमानत पर बाहर आने के बाद से लगातार उन्हें सर्विलांस में रखी हुई थी। इस केस में ईओडब्ल्यू की तरफ से की गई गिरफ्तारी में एपी त्रिपाठी गिरफ्तारी तीसरी है। इससे पहले जेल से बाहर निकलते ही अरविंद सिंह और उसके दूसरे



दिन कारोबारी अनवर ढेबर को ब्यूरो की टीम ने गिरफ्तार किया था। फिलहाल अरविंद सिंह और अनवर ढेबर ईडी की रिमांड में हैं, जिन्हें शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया जाना है। संभावना है कि ब्यूरो शुक्रवार को त्रिपाठी को भी कोर्ट में पेश करे और फिर तीनों की एक साथ रिमांड हासिल करे। ईओडब्ल्यू ने एपी त्रिपाठी की गिरफ्तारी ऐसे वक्त पर की है, जब ईडी के केस को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। जबकि ईओडब्ल्यू का केस ही ईडी की रिपोर्ट पर बेस था। अब सवाल उठ रहा है कि ईओडब्ल्यू की कार्रवाई के पीछे कौन से बड़े कारण है, जिसमें ब्यूरो की टीम ताबड़तोड़ कार्रवाई में जुटी है।

### ईडी की नई ईसीआईआर दर्ज करने की चर्चा

दूसरी तरफ सुप्रीम कोर्ट से झटका खाने के बाद ईडी की नई ईसीआईआर (इंफोर्समेंट केस इंफॉर्मेशन रिपोर्ट) दर्ज करने की चर्चा है। जल्द ही ईडी नई ईसीआईआर दर्ज करेगा, जिसमें ऐसे तथ्य रखेगा ताकि शराब घोटाले को कोर्ट में स्थापित किया जा सके। इसके लिए ईडी ईओडब्ल्यू की एफआईआर को भी आधार बना सकता है, लेकिन इसकी संभावनाएं काफी कम है, क्योंकि ईओडब्ल्यू की एफआईआर ईडी की उसी रिपोर्ट पर आधारित है, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है।

### सुप्रीम कोर्ट ने जांच एजेंसियों को हर तरह से अपने हाथ रोकने का दिया था आदेश

अक्टूबर में हाईकोर्ट ने शराब घोटाले में आरोपियों की अंतरिम जमानत खत्म कर दी थी, जिसके बाद ट्रायल कोर्ट ने अनवर ढेबर और करिश्मा ढेबर के खिलाफ ट्रायल कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी किया था। इस वारंट के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जब मामला पहुंचा तो सुप्रीम कोर्ट ने वारंट पर रोक लगा दी थी। दोनों की अंतरिम जमानत बहाल की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि हाई कोर्ट को विशेष रूप से 18 जुलाई, 2023 के शीर्ष अदालत के आदेश के मद्देनजर अंतरिम जमानत बढ़ाने का आदेश जारी करना चाहिए था, जिसमें जांच एजेंसियों को 'हर तरह से अपने हाथ रोकने' के लिए कहा गया था। साथ ही आरोपियों के खिलाफ कोई भी दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने के लिए कहा गया था। जस्टिस कौल ने टिप्पणी की कि हमारे विचार में यह (उच्च न्यायालय द्वारा) हमारे आदेश का उल्लंघन है।

## आज से प्रारंभ हो जाएगी पैड न्यूज पर कार्यवाही


**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर किसी भी पार्टी और अभ्यर्थी के पक्ष में किया गया पैड न्यूज पर कार्यवाही 12 अप्रैल 2024 से किया जाएगा। इससे संबंधित समाचार पत्र, पत्रिका, पोर्टल और पत्रकार आदि के विरुद्ध कार्यवाही किया जाएगा। इस कार्यवाही में संबंधित प्रिंट मीडिया संस्थान के विरुद्ध कार्यवाही के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा भारतीय प्रेस परिषद को भेजा जाएगा। इसके बाद भारतीय प्रेस परिषद संबंधित संस्थान के विरुद्ध कार्यवाही करेगा। इसी प्रकार इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अंतर्गत टीवी चैनल के विरुद्ध कार्यवाही के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय (मिनिस्ट्री ऑफ इन्फॉर्मेशन एंड ब्रॉडकास्टिंग) को भेजा जाएगा। इसके बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय संबंधित संस्थान के विरुद्ध कार्यवाही करेगा। साथ ही पैड न्यूज के खर्च के संबंध में अभ्यर्थी को नोटिस दिया जायेगा। अभ्यर्थी के जवाब से संतुष्ट नहीं होने पर उसके विरुद्ध अभ्यर्थी के व्यय खर्च में पैड न्यूज को जोड़ा जाएगा। अभ्यर्थी इस पैड न्यूज के विरुद्ध जिला के निर्णय के विरुद्ध राज्य एमसीएमसी में अपना आवेदन दावा कर सकता है। इसी प्रकार अभ्यर्थी राज्य एमसीएमसी निर्णय के विरुद्ध राष्ट्रीय एमसीएमसी में अपना आवेदन दावा कर सकता है।

## सरायपाली में थार कार से भारी मात्रा में नगदी बरामद



**सरायपाली।** सिंघोड़ा पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान कार से लगभग साढ़े पांच लाख रूपये जप्त किया है. गश्त के दौरान अन्तर्राज्यीय चेक पोस्ट रेहटीखोल (छत्तीसगढ़-ओड़िसा बॉर्डर) के पास पुलिस पार्टी द्वारा संदिग्ध वाहनो की चेकिंग की जा रही थी. इसी दौरान बरगढ़ ओडिसा की तरफ से एक महिन्द्रा थार क्रमांक ह्य 17, 5761 तेज रफ्तार से छत्तीसगढ़ की ओर आ रही थी. उक्त वाहन को चेक पोस्ट के पास रोका गया. कार में अंशुमान प्रधान पिता अंतर्यामी प्रधान उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम तालमेंडा अर्जुदा पोस्ट तालमेंडा जिला बरगढ़, ओडिसा सवार था. वाहन की तलाशी ली गई तो बीच सीट में रखे एक बैग में अधिक मात्रा में नोट भरा हुआ मिला। पुलिस ने भारतीय करंसी नोट कुल नगदी रकम 5,26,400 रूपये जप्त कर थाना सिंघोडा में धारा 102 जा.फौ. के तहत् कार्यवाही किया गया. उक्त कार्यवाही सिंघोड़ा थाना व सायबर टीम द्वारा संयुक्त रूप से की गई.

अपना खुद का न्यूज पोर्टल बनवाएं
पूर्ण Registration के साथ
+91 9303890212




स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक जितेन्द्र जायसवाल द्वारा जायसवाल प्रिंटिंग प्रेस राघवपुरी, डीगमा, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक जितेन्द्र जायसवाल। मो.नं.-09424262547